Regarding smooth functioning of the House

माननीय अध्यक्ष:माननीय सदस्यगण, देश की जनता चाहती है कि यह सदन चले । कई माननीय विद्वानों ने भी लिखा है कि संसद चलना चाहिए । संसद में चर्चा और संवाद होना चाहिए । सहमति-असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:माननीय सदस्यगण, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि जनता की भावनाओं और उनकी आशा व आकांक्षाओं के अनुसार आप सदन चलने में सहयोग करें । आज स्वास्थ्य और महिला कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रश्न काल में चर्चा हो रही है । प्रश्न काल आपका समय है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि प्रश्न काल आपका समय है । देश की जनता लगातार माननीय सांसदों के बारे में, संदन के बारे में और अपने बारे में चिंता व्यक्त कर रही हैं, इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप सदन चलने दें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन आपका है, सदन सबका है । देश भी चाहता है कि संसद चले । मैं आग्रहपूर्वक कहता हूं कि आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं । मैं आपको हर विषय, हर मुद्दे पर नियम प्रक्रियाओं के तहत चर्चा करने का पर्याप्त अवसर दूंगा ।

? (व्यवधान)

-